मुख्य समाचार
आकाषवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 16.11.2025 समय : 18.30 पीएम

00000

- गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में उत्तर क्षेत्रीय परिषद की बैठक कल–राजस्थान सहित आठ राज्यों के विभिन्न मसलों पर चर्चा होगी।
- वरिष्ठ आईएएस अधिकारी वी. श्रीनिवास होंगे प्रदेश के नये मुख्य सचिव–राज्य सरकार ने नियुक्ति आदेश जारी किये।
- राष्ट्रीय प्रेस दिवस आज–केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा–लोकतंत्र में प्रेस की महत्वपूर्ण भूमिका।
- प्रदेश में सर्दी का असर बढा–अगले दो दिनों में राज्य के कुछ स्थानों पर शीतलहर का पूर्वानुमान।

00000

उत्तर क्षेत्रीय परिषद–एनज़ेडसी की बैठक कल हरियाणा के फरीदाबाद में होगी। गृहमंत्री अमित शाह इसकी अध्यक्षता करेंगे। परिषद की ये 32वीं बैठक है। इसमें आठ राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों के मुख्यमंत्री, उपराज्यपाल और मुख्य सचिव शामिल होंगे। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा भी बैठक में भाग लेंगे। बैठक में इन विभिन्न राज्यों से जुडे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। इनमें जल बंटवारे, आधारभूत संरचनाओं के विकास और क्षेत्रीय कनेक्टिविटी के विस्तार सहित अन्य बिन्दु शामिल हैं।

0000

उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने कहा कि भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक–सीएजी सार्वजनिक वित्त में जवाबदेही और पारदर्शिता के उच्चतम मानकों को कायम रखते हैं। उन्होंने यह बात आज नई दिल्ली में लेखापरीक्षा दिवस समारोह को संबोधित करते हुए कही। श्री राधाकृष्णन ने सीएजी को जनता के धन का संरक्षक बताया। उन्होंने यह भी कहा कि लेखापरीक्षा में निष्पक्षता और सत्यनिष्ठा शासन की अखंडता को मजबूत करती है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि विकसित भारत 2047 के दृष्टिकोण के लिए सीएजी, राजकोषीय अनुशासन और पारदर्शी शासन को मजबूत करने में भूमिका निभाता रहेगा।

00000

भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी वी. श्रीनिवास को राजस्थान का नया मुख्य सचिव नियुक्त किया गया है। कार्मिक विभाग ने इस बारे में आज आदेश जारी किये। आदेशों के अनुसार श्रीनिवास अपने नये पद के साथ राजस्थान राज्य खनिज और खनिज निगम लिमिटेड उदयपुर तथा नई दिल्ली के मुख्य आवासीय आयुक्त के पद का अतिरिक्त कार्यभार भी संभालेंगे। 1989 बैच के आई.ए.एस. अधिकारी वी. श्रीनिवास को केन्द्रीय प्रतिनियुक्ति से अपने मूल कैडर राजस्थान के लिए रिलीव किया गया। वे कल पदभार ग्रहण कर सकते हैं। वहीं राज्य के मुख्य सचिव रहे सुधांश पंत की दिल्ली में सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय में सचिव के पद पर प्रतिनियुक्ति की गई है।

0000

आज राष्ट्रीय प्रेस दिवस है। यह दिन प्रेस की स्वतंत्रता और जिम्मेदारियों के प्रति ध्यान आकर्षित करने के लिए मनाया जाता है। राष्ट्रीय प्रेस दिवस देश के लोकतंत्र को

मज़बूत बनाने में प्रेस की महत्वपूर्ण भूमिका की याद दिलाता है। इसी दिन भारतीय प्रेस परिषद की स्थापना भी गई थी। ये परिषद एक स्वतंत्र नैतिक प्रहरी के रूप में पत्रकारिता के मानकों को बनाये रखने के लिए काम करती है। इस अवसर पर राष्ट्रीय प्रेस दिवस समारोह, नयी दिल्ली में आयोजित किया गया। इसमें केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव और सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन शामिल हुए। इस कार्यक्रम में भारतीय प्रेस परिषद की अध्यक्ष सर्वोच्च न्यायालय की पूर्व न्यायधीश न्याय मूर्ति रंजना प्रकाश देसाई भी उपस्थित थीं। श्री वैष्णव ने मीडिया से बातचीत में कहा कि हमारे लोकतंत्र में प्रेस की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका है।

-----

प्रदेश में भी विभिन्न स्थानों पर राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये। चूरू में एक निजी संस्था की ओर से मीडियाकर्मियों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा ने कहा कि लोकतंत्र में मीडिया की अहम भूमिका है। भरतपुर में लोहागढ प्रेस क्लब की ओर से एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें पत्रकारिता की भूमिका और चुनौतियों पर चर्चा की गई। वहीं पाली में आज से कलक्ट्रेट परिसर में नये मीडिया कार्यालय के सौंदर्यकरण का कार्य शुरू हुआ।

0000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस बात पर बल दिया है कि जब देश के लिए काम करने और कुछ नया करने की भावना जागृत होती है, तो यह अपार प्रेरणा का स्रोत बन जाती है। श्री मोदी ने यह बात कल सूरत में भारत की पहली बुलेट ट्रेन परियोजना की समीक्षा के बाद कही। उन्होंने इसकी तुलना भारत की अंतरिक्ष यात्रा से की। प्रधानमंत्री ने परियोजना की प्रगति के बारे में जानकारी ली। इस दौरान केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव भी मौजूद थे।

00000

वर्षा जल संचयन अभियान के तहत वर्षा जल संग्रहण और जन भागीदारी में उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए बाड़मेर ज़िले को पहले जल संचय जन भागीदारी पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मंगलवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित समारोह में ज़िला कलेक्टर टीना डाबी को ये पुरस्कार प्रदान करेंगी।

----

0000

प्रदेश में ज्यादातर स्थानों पर धीरे–धीरे सर्दी का असर बढने लगा है। शेखावाटी अंचल में पिछले तीन दिनों से शीतलहर का असर है। सीकर के फतेहपुर में आज न्यूनतम तापमान 5 दशमलव 2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ। वहीं नागौर में रात का तापमान 5 दशमलव 3 डिग्री सैल्सियस रहा। पहाड़ी राज्यों से आ रही बर्फीली हवाओं के कारण अधिकतर स्थानों पर रात का पारा 12 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज हुआ। बारां, दौसा, करौली, चूरू और बीकानेर के लूणकरणसर में न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा। कुछ स्थानों पर सुबह देर तक कोहरा छाया रहा। नागौर जिले में बीते एक सप्ताह से न्यूनतम तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। हमारे संवाददाता ने बताया कि इससे जनजीवन पर असर पडा है।

----

मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार अगले एक सप्ताह मौसम शुष्क रहने के आसार है। वहीं अगले 48 घंटों में प्रदेश में कुछ स्थानों पर शीतलहर चल सकती है।

0000

पाली जिले में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में पर्यावरण प्रेमियों ने एक अनूठा प्रयास किया है। इसके तहत जवाई बांध के आस–पास साफ सफाई की जा रही है। साथ ही प्लास्टिक बोतलों और प्लास्टिक कचरे से विभिन्न उत्पाद बनाये जा रहे है।

----

0000

सांसद खेल महोत्सव की शुरूआत कल जयपुर के सवाईमानसिंह स्टेडियम में होगी। फिट इंडिया हिट इंडिया की थीम पर आयोजित होने वाले इस महोत्सव में विभिन्न आयुवर्ग के 1 लाख से अधिक जयपुरवासी विभिन्न खेलों में भाग लेंगे। सांसद मंजू शर्मा ने कहा कि 25 दिसम्बर तक चलने वाले इस महोत्सव में खिलाडियों में टीम भावना के साथ–साथ राष्ट्रीयता की अलख भी जगाई जायेगी। उन्होंने कहा कि इस आयोजन में महिलाओं और दिव्यांग खिलाडियों को विशेष रूप से जोडा जायेगा।

0000

भारत आज से विश्व मुक्केबाजी कप फाइनल्स की मेजबानी कर रहा है। प्रतियोगिता के मुकाबले  ग्रेटर नोएडा के शहीद विजय सिंह पथिक खेल परिसर में खेले जा रहे हैं और यह प्रतियोगिता बृहस्पतिवार तक चलेगी। यह 2025 विश्व मुक्केबाजी कप श्रृखंला का अंतिम चरण है। 18 देशों के लगभग 130 मुक्केबाज़ 20 श्रेणियों में प्रतिस्पर्धा करेंगें। मेजबान भारत सभी 20 श्रेणियों में प्रतिस्पर्धा करेगा। मीनाक्षी हुड्डा, निकहत ज़रीन, जैस्मीन लैम्बोरिया और स्वीटी बूरा जैसी शीर्ष महिला मुक्केबाज़ भारतीय चुनौती पेश करेंगी। वहीं, पुरुष मुक्केबाजों में अभिनाश जामवाल और हितेश रिंग में उतरेंगे। 2023 में विश्व चैंपियनशिप की मेजबानी के बाद, यह भारत के घरेलू मैदान पर पहला बड़ा अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी आयोजन है। यह विश्व मुक्केबाजी में देश की बढ़ती ख्याति दर्शाता है।

**0000**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहनराव भागवत ने कहा कि स्वयंसेवकों के भाव बल और जीवन बल से ही संघ चलता है। डॉ. भागवत आज जयपुर में **श्और यह जीवन समर्पितश** ग्रंथ के विमोचन समारोह को संबोधित कर रहे थे। यह पुस्तक राजस्थान के दिवंगत संघ 24 प्रचारकों की जीवन गाथा का संकलन है। संघ कार्य के बारे में उन्होंने कहा कि संघ को समझने के लिए प्रत्यक्ष अनुभूति की आवश्यकता होती है, जो संघ में आने के बाद ही प्राप्त हो सकती है।

0000